उत्तर प्रदेश में रहने वाले जल, थल तथा वायु सेना के अशोक चक्र श्रृंखला वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को एक मुश्त नकद पुरस्कार तथा वार्षिकी का अनुदान निम्न तालिका के अनुसार दिया जाता है।

अशोक चक्र श्रृंखला						
वर्ष	अशोक चक्र		कीर्ति चक्र		शौर्य चक्र	
	एक मुश्त	वार्षिकी	एक मुश्त	वार्षिकी	एक मुश्त	वार्षिकी
10 अक्टूबर 2018 से	32,50,000	1,50,000	19,50,000	1,30,000	13,00,000	65,000

4. **उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा देय अनुग्रह धनराशिः**

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा जो भारतीय सेना में कार्यरत रहते हुए कर्तव्यपालन के दौरान आतंकवादी/अराजक तत्वों की गतिविधियों में हुई हिंसा, देश की सीमा पर अर्न्तराष्ट्रीय युद्ध या सीमा पर छुट–पुट घटनाओं अथवा लड़ाकू/आतंकवादियों अथवा अतिवादी आदि की गतिविधियों के फलस्वरूप प्रदेश के बाहर मृत्यु हो जाये तथा उत्तर प्रदेश के बाहर के निवासियों जो भारतीय सेना में कार्यरत हों तथा जिनकी कर्तव्यपालन के दौरान इन्हीं परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश के अन्दर मृत्यु हो जाये, उनके आश्रितों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रू0 50 लाख की धनराशि की स्वीकृति शासनादेश सं0:505के/छः– सानिप्र–20–15(25)/2018 दिनांक 29 जुलाई 2020 के अंतर्गत प्रदान की जाती है। जो 01 अप्रैल 2020 से प्रभावी है।

5. **उत्तर प्रदेश के शहीद सैनिकों के आश्रितों का सेवायोजनः**

उ0प्र0 शासन द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 19 मार्च 2018 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी थल सेना, नौ सेना वायु सेना के शहीदों (Battle Casualty) के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई है जो 01 अप्रैल 2017 से प्रभावी है।

6. **पूर्व सैनिक/शहीद सैनिकों के विधिक आश्रितों के लिये स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में छूटः**

स्टाम्प एवं रजिस्ट्री अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0: 25/2016/888/94–स्टा.नि. –2–2016–500 (64)/80 दिनांक 11 नवम्बर 2016 के आदेशानुसार पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के विधिक आश्रितों को सम्पत्ति खरीद के प्रथम 20 लाख के मूल्यांकन पर स्टाम्प शुल्क पर छूट प्रदान की जायेगी ।

7. **शहीद सैनिक की पत्नियों को गृहकर से मुक्ति प्रदान किये जाने के संबंध मेंः**

देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैन्यकर्मियों की विधवाओं के स्वामित्व के आवासीय भवन में गृहकर से छूट प्रदान की गयी है । यह छूट केवल नगर निगमों के अन्तर्गत ही दी जा रही है तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिये मान्य नहीं है ।

8. पूर्व सैनिकों के लिए भूखण्ड/निर्मित भवनों के आवंटन के आरक्षणः

प्राधिकार शासनादेश सं0 2905/37–2–91–94 एम.बी./91 दिनांक 25.11.1991 के अन्तर्गत उ.प्र. सरकार ने सेवारत कार्मिकों, पूर्व सैनिकों तथा युद्ध में मारे गये सैनिकों के आश्रितों को उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद तथा राज्य के विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित मकानों तथा मकान के भूखण्ड (प्लाट) आवंटन में 3 प्रतिशत आरक्षण स्वीकृत है।

9. उत्तर प्रदेश लोक सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षणः

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में समूह 'ग' और समूह ''घ'' के पदों पर रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए 5 प्रतिशत हॉरिजेन्टल आरक्षण के साथ ही समूह–'ख' में 5 प्रतिशत का आरक्षण मार्च 2021 से प्रदान किया गया है।

10. वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैनिकों को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध मेंः

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैन्य बल के सैनिकों/अधिकारियों, जो प्रदेश के नागरिक हों, को प्रदेश में निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाती है । थल, जल एवं वायु सेनाध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रशंसा–पत्र (कमेन्डेंशन कार्ड) भी इस सुविधा के लिए मान्य है।

11. वीरगति प्राप्त सैनिकों की विधवाओं/परिवार तथा अपंग सैनिकों को विशेष आर्थिक सहायताः

उ.प्र. सरकार ने आपरेशन 'पवन' (श्रीलंका), आपरेशन 'मेघदूत' (सियाचिन) में शहीद हुए प्रदेश में रहने वाले सशस्त्र सेना के सैनिकों की विधवाओं/परिवारों तथा अपंग हुए ऐसे सैनिकों को जो अपंगता के आधार पर सेवामुक्त हो गये हैं, क्रमशः रु0 15,000.00 तथा रु0 10,000.00 प्रति पात्र की दर से विशेष आर्थिक सहायता देना स्वीकृत किया है ।

12. द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों/दिवंगत सैनिक की पत्नियों को अनुदानः

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में रहने वाले द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को अनुदान दिया जाता है । 21 अक्टूबर 2013 से प्रतिमाह रु0 4000/– थी इसे दिनांक 04 फरवरी 2016 को बढ़कार रू0 6000/– प्रतिमाह कर दिया गया है।

13. मेडिकल/इंजीनियरिंग/व्यवसायिक कालेजों, में पूर्व सैनिकों व उनके पुत्र/पुत्रियों के लिये सीटों का आरक्षण

उत्तर प्रदेश में पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, उनकी पत्नियों को जिसमें युद्ध में मारे गये अथवा लापता घोषित और मृत मान लिये गये सैनिक भी सम्मिलित हैं, के आश्रितों को प्रदेश के समस्त औद्योगिक संस्थानों तथा राजकीय औद्यौगिक एवं प्राविधिक संस्थानों में प्रवेश हेतु 8 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया गया है साथ ही यह आरक्षण सेना के विकलांग अधिकारियों, इमरजेंसी/शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त अधिकारियों एवं सेवारत/भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों के आश्रितों के लिए भी लागू है । राज्य प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन डिग्री इंजीनियरिंग संस्थाओं में 5 प्रतिशत आरक्षण, राजकीय दीक्षा विद्यालयों में बी.टी.सी. के लिये 3 प्रतिशत आरक्षण तथा सी.पी.एम.टी में एक प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य है ।

14. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र की उचित दर की दुकानों वितरण के आवंटन में वर्तमान आरक्षण की व्यवस्था कार्यान्वित किये जाने हेतु आवंटन प्रारम्भ किये जाने हेतु नीति निर्देशः

उ0प्र0 सरकार के शासनादेश सं0–2714/29–6–2002–162 सा0/2001 दिनांक 17 अगस्त 2002 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पूर्व सैनिकों एवं युद्ध में मारे गये सैनिकों के परिवार के सदस्य एवं युद्ध में घायल हुये सैनिकों को नगरीय क्षेत्र की उचित दर की दुकानों के आवंटन में 08 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया गया है ।

15. जिला सैनिक बन्धु का गठनः

सैनिक कल्याण अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0:–1244/48–2008–96 (विविध)/91 टी. सी–11 दिनांक 20 सितम्बर 2008 के अन्तर्गत जिले स्तर पर सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु तत्परतापूर्वक समुचित कार्यवाही के लिये जिला सैनिक बन्धु के गठन हेतु आदेश जारी किया गया, जिसमें जिला प्रशासन इस दिशा में निरन्तर सजगता बरतते हुए सैनिकों की समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं वरीयता प्रदान करेगा ।

16. प्रशिक्षण कार्यक्रमः

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए निम्नलिखित निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा संचालित किया जाता है :–

(क) इन्फोमेशन टेक्नालॉजी प्रशिक्षण	– 394 सीटें (480 घंटों का प्रशिक्षण)
(ख) कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण	– 60 सीटें (180 घंटों का प्रशिक्षण)
(ग) कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण	– 110 सीटें (300 घंटों का प्रशिक्षण)
(घ) एस.एस.बी. साक्षात्कार प्रशिक्षण	– 75 सीटें (30 दिनों का प्रशिक्षण)

17. पूर्व सैनिकों को ग्राम सभा की फालतू भूमि के आवंटन में वरीयता

उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) अधिनियम 1975 के अंतर्गत भूमि प्रबन्धक समिति द्वारा ग्राम सभा की भूमि आवंटित किये जाने से सम्बन्धित प्राथमिकताएं निम्नलिखित है :–

(क) ऐसे व्यक्ति जिसने संघ की सशस्त्र सेना में सेवा करते हुए शत्रु आक्रमण के कारण अपना जीवन बलिदान किया हो, न्याय पंचायत में रहने वाले भूमिहीन अविवाहित पुत्र/पुत्रियाँ या उसके भूमिहीन माता–पिता।

(ख) न्याय पंचायत में रहने वाला ऐसा व्यक्ति जो संघ की सशस्त्र सेना में सेवा करते हुए शत्रु आक्रमण के कारण पूर्णतया निर्योग्य हो गया है ।

(ग) न्याय पंचायत में रहने वाले कोई भूमिहीन व्यक्ति जो संघ की सशस्त्र सेना में अधिकारी से भिन्न किसी सेवा से सेवानिवृत्त, निर्मुक्त या सेवा मुक्त हों ।

उ0 प्र0 सैनिक पुनर्वास निधि

उ0प्र0 सैनिक पुनर्वास निधि द्वारा योजनाओं यथा वार्षिक शैक्षिक सहायता एवं पूर्व सैनिकों की विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान योजना को ऑनलाइन कर दिया गया है जिसकी वेबसाइट www.upspnlko.up.gov.in है । उक्त वेबसाइट के माध्यम से पूर्व सैनिक/विधवा एवं उनके आश्रित आर्थिक अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं।

उ0प्र0 सैनिक पुनर्वास निधि द्वारा संचालित योजनाएँः

(अ) **वार्षिक शैक्षिक सहायताः**

क्रम सं0	कक्षा स्तर	धनराशि
1	कक्षा 9–10	6500
2	कक्षा 11–12	7500
3	स्नातक स्तर– (बी0ए0 तथा बी0काम0, बी0एस0सी0, बी0एड0, बी0बी0ए0 आदि)	8500
4	स्नातकोत्तर स्तर– (एम0ए0, एम0काम0 एम0एस0सी0 आदि)	11000
5	इण्टर स्तर तक के तकनीकी कोर्स – आई0टी0आई0 एवं अन्य सर्टिफिकेट कोर्स	13000
6	स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के तकनीकी कोर्स (बी0ए0एम0एस0, बी0डी0एस0, बी0टेक0, बी0बी0एस0सी0, एम0बी0ए0, एम0बी0बी0एस0 आदि)	30000

(ब) **पूर्व सैनिकों की विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता :**
माननीया राज्यपाल द्वारा दिनांक 01 अप्रैल 2020 से पूर्व सैनिकों (जे0सी0ओ0 रैंक तक) की विधवाओं की दो पुत्रियों के विवाह हेतु पूर्व में दी जाने वाली धनराशि रू0 50,000/– को बढ़ाकर रू0 1,00,000/– प्रति पुत्री की एकमुश्त सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है ।

(स) **पूर्व सैनिकों द्वारा पुनर्वास हेतु लिये गये ऋण में छूट देनः**
पूर्व सैनिक/उनकी विधवा द्वारा अपने पुनर्वास (स्वरोजगार) हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक, कृषि विकास बैंक या किसी अन्य सरकारी वित्तीय संस्था से लिये गये ऋण पर निम्न प्रकार की छूट प्रदान की जाती है :–

(क) रू0 5.00 लाख तक के ऋण पर ऋण के 10 प्रतिशत तथा रू0 5,00,001/– से रू0 10,00,000/– तक के ऋण पर ऋण के 5 प्रतिशत की छूट देय ।

(ख) रू0 10.00 लाख से अधिक ऋण लिये जाने वाले प्रकरणों पर केवल रू0 10.00 लाख ऋण मानते हुये ऋण पर उक्त प्रस्तावित योजना के प्रस्तर–क के अनुसार छूट दी जायेगी ।

(ग) पूर्व सैनिक द्वारा अपने पुत्र/पुत्री (अधिकतम दो बच्चों हेतु) हेतु तकनीकी शिक्षा के

लिये बैंक से लिये जाने वाले ऋण पर भी उक्तानुसार छूट प्रदान की जायेगी ।

(द) NDA/IMA/OTA/AF Academy/Naval Academy/ Women Entry में उत्तीर्ण होने वाले उत्तर प्रदेश के जे0सी0ओ0 रैंक तक के पूर्व सैनिकों/उनकी विधवाओं के दो पुत्रों तक रू0 25,000/– प्रति एवं पुत्रियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त योजना में दी जाने वाली धनराशि रू0 25,000/–के अतिरिक्त रू0 50,000/–प्रति आश्रित (पुत्री) की दर से अधिकतम दो पुत्रियों को एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है ।

नयी योजनायें:

माननीय श्री राज्यपाल द्वारा निधि की प्रबन्ध समिति की 49वीं बैठक दिनांक 13 जनवरी 2023 में निम्नलिखित 04 योजनायें दिनांक 01 अप्रैल 2023 से संचालित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है:–

(क) हवलदार रैंक (जीवित न होने की दशा में जे0सी0ओ0 रैंक) तक के पूर्व सैनिकों के आश्रित एवं उनकी विधवायें जो ई0सी0एच0एस0 योजना के पात्र नहीं है, को इलाज हेतु वित्तीय वर्ष में अधिकतम रू0 10,000/–तक की चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति।

(ख) हवलदार रैंक (जीवित न होने की दशा में जे0सी0ओ0 रैंक) तक के पूर्व सैनिकों के आश्रित एवं उनकी विधवायें जो प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुये हों को तात्कालिक एकमुश्त रू0 10,000/– तक की आर्थिक सहायता ।

(ग) अनाथ बच्चे को एकमुश्त आर्थिक सहायता–जे0सी0ओ0 रैंक तक के पूर्व सैनिकों के एक अनाथ बच्चे को पेंशन की सुविधा उपलब्ध होने तक एकमुश्त रू0 10,000/– की आर्थिक सहायता।

(घ) विकलांग आश्रित को अनुदान– हवलदार रैंक (जीवित न होने की दशा में जे0सी0ओ0 रैंक) तक के पूर्व सैनिकों के आश्रित एवं उनकी विधवाओं के विकलांग आश्रितों एवं पूर्व सैनिक की विकलांग पत्नी को अनुदानःविकलांगता प्रतिशत–50प्रतिशत तक–रू0 8000/–, 50 प्रतिशत से अधिक–रू0 10,000/–

विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.upspnlko.up.gov.in पर उपलब्ध है ।

उ0 प्र0 सैनिक पुनर्वास निधि
करिय्यपा भवन, कैसरबाग, लखनऊ
दूरभाष– 0522–2622732
ईमेल– upspn-lko@up.gov.in

उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0

निगम द्वारा पूर्व सैनिकों को पुनर्सेवायोजन में सहायताः

उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 की स्थापना 23 मई 1989 को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 617 के अंतर्गत पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों और दिव्यांग पूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण हेतु की गई है । निगम द्वारा वर्तमान में विभिन्न केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के विभागों, प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों, चिकित्सा/शैक्षणिक संस्थानों एवं निजी प्रतिष्ठानों से अनुबंध प्राप्त कर सुरक्षा एवं तकनीकी सेवाओं में संविदा पर पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को रोजगार के अवसर प्रदान कराये जा रहे हैं । निगम से संबंधित सूचनाएं उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निगम मुख्यालयः

पता	
मुख्यालय उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0, कैनाल रिंग रोड, देवी खेड़ा निकट–एन0बी0एफ0जी0आर0, पो0–दिलकुशा, लखनऊ–226 002	: 7080202777 : md@upsainiknigam.com : dgm@upsainiknigam.com : www.upsainiknigam.com

क्षेत्रीय कार्यालय के दूरभाष/मोबाइल नं0 एवं ई–मेलः

वर्तमान में निगम के कार्यों का संचालन निम्न 10 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किया जा रहा है, जिनके दूरभाष एवं ई–मेल के विवरण निम्न प्रकार हैः–

क्रम सं0	क्षेत्रीय कार्यालय	दूरभाष नं0	मोबाइल नं0	ई–मेल
1.	आगरा	0562–2400981	7860030483	agmagra@upsainiknigam.com
2.	बरेली	0581–2522230	7860030481	agmbareilly@upsainiknigam.com
3.	गोरखपुर	0551–2202752	7860030480	agmgorakhpur@upsainiknigam.com
4.	झांसी	0510–2321375	7860030479	agmjhansi @upsainiknigam.com
5.	कानपुर	0512–3555181	7860030478	agmkanpur @upsainiknigam.com
6.	लखनऊ	0522–2446053	7860030417	agmlucknow @upsainiknigam.com
7.	मेरठ	0121–2632860	7860030476	agmmeerut @upsainiknigam.com
8.	नोएडा	0120–4213346	8882487043	agmnoida @upsainiknigam.com
9.	प्रयागराज	0532–2231008	7860030482	agmallahabad@upsainiknigam.com
10.	वाराणसी	0542–2500511	7860030475	agmvaranasi @upsainiknigam.com

उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान

इतिहासः

इसकी स्थापना 10 दिसम्बर, 1963 को मुख्यमंत्री सुरक्षा कोष में जमा धन में से रु0 1.5 करोड़ की धनराशि से की गयी थी। यह धनराशि एक ट्रस्ट के रूप में विनियोजित है, जिसके निर्णायक (Settler) मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश हैं ।

उद्देश्यः

संस्थान का उद्देश्य भारत चीन सीमा पर अथवा किसी अन्य वाह्य आक्रमण के समय अथवा बाह्य तत्वों के द्वारा प्रेरित इन्सरजेन्सी (आतंकवाद) की घटनाओं/आपातकालीन स्थिति/श्रीलंका में आपरेशन पवन/देश/प्रदेश में कानून और व्यवस्था के रख–रखाव/साम्प्रदायिक दंगों/दैविक–आपदाओं एवं उनके दौरान बचाव कार्य में/दस्यु उन्मूलन अभियान/अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु समय–समय पर केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा परिचालित अन्य विशेष अभियानों में मृत/स्थाई रूप से अपंग घोषित सैन्य बल/विशेष अभियानों में मृत/स्थाई रूप से अपंग घोषित सैन्य बल/पुलिस/पी.ए.सी./विशेष पुलिस बल एवं अर्द्ध सैनिक बल के कर्मियों एवं उनके आश्रितों, जो उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हों, की भलाई के लिये योजनायें संचालित करना है । अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया आदि का उल्लेख संस्थान की वेबसाइट http://uppafss.up.nic.in पर भी उपलब्ध है ।

संचालित योजनायें:

उपरोक्त वर्णित घटनाओं/परिस्थितियों में सशस्त्र सैन्यबल/पुलिस एवं पी.ए.सी. कर्मियों के वीरगति अथवा स्थायी रूप से अपंगता के आधार पर सेवानिवृत्त होने की दशा में अनुग्रह अनुदान प्रदान करना ।

(क) जीवन निर्वाह हेतु सहायता।
(ख) लड़कियों के विवाह में सहायता।
(ग) विशेष चिकित्सा जैसेः कैंसर, हृदय प्रत्यापण, प्लास्टिक सर्जरी व मस्तिष्क की शल्य चिकित्सा हेतु सहायता।
(घ) लाभ–भोगियों के बच्चों को वार्षिक शिक्षा सहायता।

संस्थान द्वारा विभिन्न मदों में दी जाने वाली सहायता की दरें निम्नवत् हैं :–

	वीरगति को प्राप्त मामलों में अनुग्रह अनुदान	स्थायी रूप से अपंग घोषित मामलों में (अपंगता के आधार पर सेवानिवृत्त होने पर)	लडकियों की शादी हेतु
दिनांक 15.6.12 से 18.7.13 तक	4 लाख	1,75,000	
दिनांक 19.7.13 से 3.10.2018	6 लाख	3 लाख	1,50,000
दिनांक 04.10.18 से 12.08.2021	10 लाख	6 लाख	2,00,000
दिनांक 13.08.2021	10 लाख	7 लाख	2,50,000

शासनादेश

अनुग्रह अनुदान

उत्तर प्रदेश शासन
साम्प्रदायिकता नियंत्रण प्रकोष्ठ, गृह विभाग
संख्या–505के/छः–सानिप्र–20–15(25)/2018
लखनऊ : दिनांक 29 जुलाई, 2020

आदेश

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (तीनों अंगों–थल, जल एवं वायु सेना) के शहीद जवानों के आश्रित/परिवार को ₹-50,00,000/- (रूपये पचास लाख) की अनुग्रह आर्थिक सहायता दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

2– उक्त निर्णय के क्रम में उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) के कर्तव्य पालन/ड्यूटी के दौरान शहीद जवानों के आश्रित/परिवार को अनुग्रह आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय निम्नवत नियम/उप नियम/उपबन्ध एवं व्यवस्थायें निर्दिष्ट करते है:–

संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ एवं विस्तार

1. (क) उत्तर प्रदेश के मूल निवासी, जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) के शहीद जवानों के आश्रित/परिवार को अनुग्रह आर्थिक सहायता दिये जाने के संबंध में "कार्यकारी आदेश" के नाम से अभिज्ञात होगा।

(ख) यह "कार्यकारी आदेश" दिनांक–01 अप्रैल, 2020 से प्रभावी होगा।

परिभाषाएं

2. **शहीद**– उत्तर प्रदेश के मूल निवासी, जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) मे कार्यरत रहते हुये कर्तव्य पालन/ड्यूटी के दौरान आतंकवाद, अतिवादी, अराजकतत्वों की गतिविधियों में हुई हिंसा, देश की सीमा पर अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध या सीमा पर दुश्मन से झड़प, छुट–पुट घटनाओं अथवा लड़ाकू/आतंकवादियों/अतिवादी गतिविधियों, विस्फोटकों की हैण्डलिंग, चिकित्सकीय कारणों/अति दुर्लभ पहाड़ी ऊचाईयों/दुर्लभ सीमा अथवा प्राकृतिक आपदाओं अथवा अति खराब मौसम/दुर्घटना इत्यादि के फलस्वरूप मृत्यु हो जाये तथा उत्तर प्रदेश के बाहर के निवासी जो भारतीय सेना अथवा केन्द्रीय/अन्य राज्यों के अर्द्ध सैनिक बलों में कार्यरत हों तथा जिनकी कर्तव्य पालन के दौरान इन्हीं परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश के अन्दर मृत्यु हो जाने पर शहीद माना जायेगा।

अनुमन्य आर्थिक सहायता का वितरण

3. उक्त प्रस्तर–2 के अनुसार उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) में कार्यरत रहते हुये कर्तव्य पालन/ड्यूटी के दौरान शहीद जवानों के आश्रित/परिवार को ₹-50,00,000/- (रूपये पचास लाख) की अनुग्रह आर्थिक सहायता निम्नवत वरीयता क्रम में वितरित की जायेगी :–

(1) यदि शहीद विवाहित है तथा उसके माता–पिता में से एक या दोनों जीवित हैं, तो शहीद के परिवार हेतु उसकी पत्नी को ₹-35,00,000/- (रूपये पैंतिस लाख) तथा माता–पिता अथवा उनमें से जो कोई जीवित हो को माता–पिता को अनुमन्य धनराशि ₹-15,00,000/- (रूपये पन्द्रह लाख) वितरित की जायेगी।

(2) शहीद के विवाहित होने तथा माता–पिता में से किसी एक के भी जीवित नहीं होने की दशा में माता–पिता को अनुमन्य धनराशि सहित शहीद की पत्नी को कुल ₹-50,00,000/- वितरित की जायेगी।

(3) शहीद के अविवाहित होने की स्थिति में शहीद के परिवार हेतु अनुमन्य धनराशि सहित उसके माता–पिता अथवा उसमें जो भी जीवित हों को कुल ₹-50,00,000/- (रूपये पचास लाख) वितरित की जायेगी।

शिथिलीकरण अथवा विचलन

4. (1) उक्त निर्धारित की गई सीमाओं में विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार छूट दी जा सकती है, किन्तु किसी प्रकार की छूट अथवा ऊपर निर्धारित की गई सीमाओं को शिथिल करने से पूर्व शासन के गृह विभाग में उच्चादेश प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(2) निर्धारित की गयी सीमाओं में विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार छूट दिये जाने/शिथिलीकरण किये जाने हेतु मा0 मुख्य मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

3– उत्तर प्रदेश के मूल निवासी, जिनका परिवार उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा हो तथा केन्द्रीय अर्द्ध सैन्यबलों/अन्य प्रदेशों के सशस्त्र बल/अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) के कार्यरत रहते हुये कर्तव्य पालन/ड्यूटी के दौरान शहीद जवानों के आश्रित/परिवार को अनुग्रह आर्थिक सहायता ₹-50,00,000/- (रूपये पचास लाख) दिये जाने के प्रयोजनार्थ इस आदेश में वर्णित एवं उल्लिखित उपबन्धों का अक्षरशः अनुपालन बाध्यकारी होगा।

अवनीश कुमार अवस्थी
अपर मुख्य सचिव, गृह

संख्या–505के(1)/छः–सानिप्र–20 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज को शासन द्वारा निर्गत वित्तीय स्वीकृति के क्रम में बजट आवंटन हेतु।
3. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/आडिट प्रथम, प्रयागराज।
4. समस्त आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
6. पुलिस महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर मुख्यालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, टी.सी.–32/बी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।
9. सैनिक कल्याण अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
10. निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
11. समस्त कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
12. वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2
13. वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–12
14. गृह (पुलिस) अनुभाग–6, तथा 10
15. गार्ड फाईल।

07 AUG 2020

आज्ञा से,
7/8/2020
(अशोक कुमार सिंह)
विशेष कार्याधिकारी

वीरता पुरस्कार विजेताओं (प्री–86) देय धनराशि

संख्याः 262 / 48–2018–1 / 12(25) / 17 टी.सी. ।।

प्रेषक,

कामता प्रसाद,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0
लखनऊ ।

सैनिक कल्याण अनुभाग लखनऊः दिनांक 15 जून, 2018

विषय : वर्ष 1986 के पूर्व के वीर चक्र श्रृंखला व सेना मेडल, मेन्शन–इन–डिस्पैच के वीरता पुरस्कार विजेताओं को एकमुश्त धनराशि एवं वार्षिकी ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश में रहने वाले जल, थल एवं वायु सेना के ऐसे सैनिकों जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा युद्ध क्षेत्र में वीरता प्रदर्शित करने के फलस्वरूप परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, सेना मेडल (वीरता), मेन्शन–इन–डिस्पैच से वर्ष 1986 से पूर्व विभूषित किया गया है, को राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित दरों पर नकद पुरस्कार दिये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है :–

कम सं0	पदक का नाम	एक मुश्त	वार्षिकी
1	परमवीर चक्र	32,50,000	1,95,000
2	महावीर चक्र	19,50,000	1,48,200
3	वीर चक्र	13,00,000	85,800
4	सेना / नौ सेना / वायु सेना मेडल(वीरता)	39,000	6,240
5	मेन्शन–इन– डिस्पैच	32,500	3,900

2. उपर्युक्त पुरस्कारों के लिये एकमुश्त एवं वार्षिकी की उक्त दरें इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होगी ।

3. उपर्युक्त स्वीकृत नकद अनुदान पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 के आय–व्ययक में लेखाशीर्षक 2075–विविध सामान्य सेवायें–104–विशिष्ट सेवाओं के प्रतिफल में पेंशन तथा पुरस्कार–**04–वीर चक्र श्रृंखला (परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र) के विजताओं को राज्य सरकार का एकमुश्त नकद पुरस्कार / अनुदान**–20 सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन) एवं लेखाशीर्षक 2075–विविध सामान्य सेवायें–104–विशिष्ट सेवाओं के प्रतिफल में पेंशन तथा पुरस्कार–**05–बार–टू–सेना मेडल(सेना मेडल (वीरता), मेन्शन–इन–डिस्पैच) के पुरस्कार प्राप्त उ0प्र0 के सैनिकों को एकमुश्त नकद पुरस्कार**–20 सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन) के नामें डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्याः ई–4–38 / दस–2018 दिनांक 22.05.2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

(कामता प्रसाद)
उप सचिव।

संख्या : 262(1)/48–2018 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव ।
2. प्रमुख सचिव, वित्त/सामान्य प्रशासन/गृह एवं गोपन विभाग।
3. महालेखाकार, लेखा प्रथम/आडिट प्रथम उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
4. समस्त कोषाधिकारी उ0प्र0(द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)
5. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय (द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)
6. सचिव ,केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
7. महानिदेशक, पुनर्वास, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
8. समस्त जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)
9. जनरल आफिसर कमाण्डिंग इन चीफ, सेन्ट्रल कमाण्ड लखनऊ
10. वित्त(व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–3/4/वित्त(आय–व्ययक) अनुभाग–2
11. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(कामता प्रसाद)
उप सचिव।

वीरता पुरस्कार विजेताओं (पोस्ट-८६) देय धनराशि

प्रेषक,   संख्याः 431/48-2018-113 (विविध)/2004

मनोज सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0,
लखनऊ।

सैनिक कल्याण अनुभागः   लखनऊः दिनांक 10 जुलाई, 2018

विषयः वीरता पुरस्कार विजेताओं को प्रदान की जाने वाली एकमुश्त एवं वार्षिकी की धनराशि में बढ़ोत्तरी किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-9001/सि0सै0सम0सम्मे0-2018/स0प0-3/1003 दिनांक-12.06.2018 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 में रहने वाले जल, थल, वायु सेना के ऐसे सैनिकों जिन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा युद्व क्षेत्र में वीरता प्रदर्शित करने के फलस्वरूप परमवीर चक, महावीर चक, वीर चक, सेना/नौ सेना/वायु सेना मेडल (वीरता), मेन्सन इन डिस्पैच, सर्वोत्तम युद्व सेवा मेडल, उत्तम युद्व सेवा मेडल, युद्व सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल एवं विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित किया जाता है, को राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाली नकद पुरस्कार तथा भूमि के बदले नकद धनराशि का समावेश करते हुये उक्त एकमुश्त पुरस्कार तथा वार्षिकी निम्नवत् पुनरीक्षित दरों से दिये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क0सं0	पदक का नाम	एक मुश्त धनराशि	वार्षिकी की धनराशि
1	परमवीर चक	52,00,000	3,12,000
2.	महावीर चक	31,00,000	2,37,000
3.	वीर चक	20,80,000	1,37,000
4.	सेना/नौसेना/वायु सेना मेडल (वीरता)	1,00,000	15,000
5.	मेन्शन -इन- डिस्पैच	52,000	13,000
6.	सर्वोत्तम युद्व सेवा मेडल	3,12,000	12,000
7.	उत्तम युद्व सेवा मेडल	2,60,000	11,000
8.	युद्व सेवा मेडल	83,200	10,000
9.	परम विशिष्ट सेवा मेडल	2,39,000	11,000
10.	अतिविशिष्ट सेवा मेडल	1,18,000	10,000
11.	सेना/नौ सेना/वायु सेना मेडल (विशिष्ट)	90,000	9,000
12.	विशिष्ट सेवा मेडल	47,000	9,000

2. उपरोक्त पुरस्कारों के लिये एकमुश्त पुरस्कार एवं वार्षिकी की उपर्युक्त दरें इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी। एतद्विषयक पूर्व शासनादेश संख्या-157/48-2010-19(7)/72 टी0सी0 ।।। दिनांक-30.03.2010 एवं शासनादेश सं0-148/48-2016-113 (विविध)/2004 दिनांक 13.04.2016 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय । शेष पूर्व व्यवस्थायें यथावत रहेगी ।

3. उक्त पर आने वाला व्यय भार अनुदान सं0-87 के लेखाशीर्षक-2075-विविध सामान्य सेवायें-104-विशिष्ट सेवाओं के प्रतिफल में पेंशन तथा पुरस्कार-04-वीर चक श्रृंखला के विजेताओं को राज्य सरकार का एकमुश्त नकद पुरस्कार/अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) एवं 05-वार-टू-सेना मेडल के पुरस्कार प्राप्त उ0प्र0 के एवं सीमा सुरक्षा बल के सैनिकों को एकमुश्त सैनिक नकद पुरस्कार-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) तथा 07-विशिष्ट सेवा मेडल श्रृंखला के पदक विजेताओं को एकमुश्त अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामें डाला जायेगा ।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-2435/एसीएसएफ/2018 दिनांक-28.06.2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

(मनोज सिंह)
प्रमुख सचिव।

(2)

संख्याः 431 (1)/48–2018–113 (विविध)/2004 तद्दिनॉक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव ।
2. प्रमुख सचिव, वित्त/सामान्य प्रशासन/गृह एवं गोपन विभाग ।
3. महालेखाकार, लेखा प्रथम/आडिट प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
4. समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)।
5. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कार्यालय (द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)
6. सचिव, केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ।
7. महानिदेशक, पुनर्वास, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
8. समस्त जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण)।
9. जनरल आफीसर कमान्डिंग इन चीफ, सेन्ट्रल कमान्ड, लखनऊ ।
10. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–4/वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2 ।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(भगवती)
संयुक्त सचिव।

अशोक चक्र श्रृंखला

संख्या- 1471/तीन-2018-10(35)2016

प्रेषक,

जितेंद्र कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मंडलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सामान्य प्रशासन अनुभाग | लखनऊ: दिनांक 10 अक्टूबर, 2018

विषय:- अशोक चक्र श्रृंखला के अंतर्गत अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र से पुरस्कृत नागरिकों को दी जाने वाली एकमुश्त एवं वार्षिकी की धनराशि में वृद्धि।

महोदय,

अशोक चक्र श्रृंखला के अंतर्गत (अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एव शौर्य चक्र) से अलंकृत प्रदेश के नागरिकों को एकमुश्त एवं वार्षिकी की धनराशि दिए जाने संबंधी शासनादेश संख्या-2028(1)/तीन-2008-5(1) /2004 दिनांक 21 सितंबर 2008 एवं शासनादेश संख्या-2314/ तीन-2010-5(1)/2004 दिनांक 27 दिसंबर 2010 के अनुक्रम में दिनांक 1 जनवरी 1986 के बाद के अशोक चक्र श्रृंखला के विजेताओं के लिए निम्नलिखित तालिका के स्तंभ-2 में उल्लिखित पुरस्कार के स्तंभ-5, 6 में अंकित धनराशि तथा दिनांक 1 जनवरी 1986 के पूर्व के अशोक चक्र श्रृंखला के विजेताओं को भी निम्नलिखित तालिका के पुरस्कार स्तंभ-2 में उल्लिखित पुरस्कार के सम्मुख प्रस्तावित स्तंभ-6 में उल्लिखित वार्षिकी की बढ़ी हुई धनराशि अग्रतर प्रस्तर-2 से 6 में अंकित व्यवस्था के अधीन स्वीकृत करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0सं0	पुरस्कार	शासनादेश संख्या- 2028(1) / तीन-2008-5(1) /2004 दिनांक 21 सितंबर 2008 एवं शासनादेश संख्या-2314 / तीन-2010-5(1)/ 2004 दिनांक 27 दिसंबर 2010 द्वारा स्वीकृत (रू0 लाख में)		प्रस्तावित (रू0 लाख में)	
		एकमुश्त	वार्षिकी	एकमुश्त	वार्षिकी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	अशोक चक्र	25.00	1.20	32.50	1.56
2	कीर्ति चक्र	15.00	1.00	19.50	1.30
3	शौर्य चक्र	10.00	0.50	13.00	0.65

ac dest

2- दिनांक 1 जनवरी 1986 के बाद के अशोक चक्र श्रृंखला के विजेताओं को उक्त तालिका के स्तम्भ-2 में पुरस्कार के नाम के सम्मुख स्तंभ-5 व 6 में अंकित धनराशि आदेश निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य होगी।

3- दिनांक 1 जनवरी 1986 के पूर्व के अशोक चक्र श्रृंखला के विजेताओं को भी उक्त तालिका के स्तंभ-02 में उल्लिखित पुरस्कार के नाम के सम्मुख स्तंभ- 6 में अंकित वार्षिकी की धनराशि आदेश निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य होगी।

4- इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि के बाद अशोक चक्र श्रृंखला के अन्तर्गत पुरस्कृत विजेताओं को ही बढ़ी हुई दर से एकमुश्त की धनराशि अनुमन्य होगी।

5- इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि के पूर्व के अशोक चक्र श्रृंखला के अन्तर्गत पुरस्कृत ऐसे विजेताओं जिन्हें एकमुश्त एवं वार्षिकी की धनराशि न मिली हो, उन्हें पूर्व के शासनादेश में प्रावधानित व्यवस्था के अनुरुप धनराशि प्राप्त होगी तथा शासनादेश जारी होने के बाद बढ़ी हुई वार्षिकी अग्रेतर वर्षो में मिलेगी।

6- उक्त प्रस्तर-1 में प्रावधानित व्यवस्था आदेश निर्गत होने की तिथि से लागू होगी, ऐसी स्थिति में कोई एरियर की धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।

7- इस संबंध में होने वाला व्यय-भार, अनुदान संख्या-84 के लेखाशीर्षक -2075- विविध सामान्य सेवाएं-800 - अन्य व्यय- 03- अशोक चक्र श्रृंखला के अंतर्गत उल्लिखित पुरस्कारों से विभूषित किए जाने वाले 30 प्र0 के नागरिकों को नकद पुरस्कार के रुप में एकमुश्त धनराशि के नामे डाला जाएगा।

8- यह शासनादेश वित्त विभाग के अशासकीय पं0 संख्या-ई-5-1410/दस-2018 दिनांक 03 अक्टूबर 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(जितेंद्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या- (1) / तीन-2018-10(35)2016, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:-

1- महालेखाकार,उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव/अपर मुख्य सचिव,सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4- स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5- अवर सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली।
6- अवर सचिव, गृह मंत्रालय भारत, सरकार नई दिल्ली।
7- जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मुख्यालय मध्य कमान, लखनऊ।
8- निदेशक, सूचना निदेशालय उ0प्र0 को प्रचार- प्रसार हेतु।
9- एडजुटैन्ट जनरल, सेना मुख्यालय, डी0एच0क्यू0पी0ओ0, नई दिल्ली।

ac dest



-3-

10- निदेशक,सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
11- सैनिक कल्याण अनुभाग -1
12- वित (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग -5
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(हरी राम)
उप सचिव।

शहीद आश्रितों का सेवायोजन

उत्तर प्रदेश शासन
सैनिक कल्याण अनुभाग
संख्या-1/2018/**155/48-2018-14**(विविध) /2017
लखनऊ दिनांक 19 मार्च, **2018**

आदेश

सशस्त्र सेना के तीनों सेनाओं (थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना) और अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत रहते हुये कर्तव्य पालन के दौरान शहीद होने वाले सैनिकों /अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों को शासकीय सेवा में लिये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है ।

2- उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शहीद सैनिकों/अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों को शासकीय सेवा में सेवायोजित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल निम्नवत नियम/उप नियम/उपबन्ध एवं व्यवस्थायें विनिर्दिष्ट करते हैं :-

संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ व विस्तार

1- (क) यह आदेश " उत्तर प्रदेश के मूल निवासी (Domicile) शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में कार्यकारी आदेश " के नाम से अभिज्ञात होगा ।

(ख) यह आदेश वर्ष 2017-18 के माह अप्रैल के प्रथम दिवस या उसके बाद के शहीद सैनिकों/ अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों को शासकीय सेवा में नियोजित करने के परिप्रेक्ष्य में लागू होगा ।

(ग) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के कार्यकलाप से संबंधित लोक सेवाओं और अन्य पदों पर शहीदों के आश्रितों को सेवायोजित किया जायेगा किन्तु यह उन सेवाओं और पदों पर लागू नहीं होगा जो उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के क्षेत्रान्तर्गत आते हैं ।

परिभाषाएँ

2- जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस आदेश के अन्तर्गत -

(क) <u>शहीद (Battle Casualty) सैनिकों का तात्पर्य</u>

सशस्त्र बल के तीनों सेनाओं और अर्द्धसैनिक बलों के कार्यकलाप के संबंध में सेवायोजित स्थायी/अस्थायी रूप से नियुक्त /कमीशण्ड

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

आफीसर / सैनिक हैं जिनका कर्तब्य पालन के दौरान देश की सीमा पर अन्र्तराष्ट्रीय युद्ध, गोलावारी, बैटल एक्सीडेन्ट, सीमा पर छुट-पुट / आतंकवादी घटनाओं तथा अराजकतत्वों की गतिविधियों में हुई हिंसा, प्राकृतिक आपदा एवं वाहन दुर्घटना के दौरान शहीद हुये है ।

अथवा

(ख) कर्तव्य पालन के दौरान बिन्दु (क) पर वर्णित घटनाओं के समय ऐसे लापता शहीद जिसे सक्षम न्यायालय द्वारा मृत घोषित किया गया हो।

(ग) शहीद के आश्रितों के अन्तर्गत वरीयता क्रम में निम्नलिखित माने जायेंगे :-

(शहीद सैनिक के विवाहित होने की स्थिति में)

1- पत्नी/पति (जैसी स्थिति हो)
2- पुत्र/विधवा पुत्रवधू ।
3- अविवाहित पुत्रियॉ
4- कानून संगत दत्तक पुत्र /दत्तक पुत्रियॉ
5- पिता / माता

परन्तु उक्त आश्रितों के शारीरिक /मानसिक अनुपयुक्तता की स्थिति में आश्रित पौत्र / अविवाहित पौत्रियॉ आश्रित की श्रेणी में माने जायेंगे ।

(शहीद सैनिक के विवाहित होने की स्थिति में)

1- पिता/ माता
2- अविवाहित भाई
3- अविवाहित बहन
4- विवाहित भाई

(घ) नियुक्ति प्राधिकारी का तात्पर्य पद से संबंधित नियमावली में वर्णित नियुक्ति अधिकारी से है ।

सेवायोजन हेतु आवेदन एवं उसकी प्रक्रिया का निर्धारण

3- शहीद सैनिक के आश्रित की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र सशस्त्र बल के तीनों सेनाओं के लिए सैनिक कल्याण विभाग, उ0प्र0 तथा अर्द्धसैनिक बल के लिए गृह विभाग, उ0प्र0 को

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सम्बोधित किया जायेगा, जिसमें अन्य अपेक्षित तथ्यों के साथ-साथ मृत शहीद की मृत्यु का दिनांक, सेना/अर्द्धसैनिक बल की इकाई एवं पद, (जिस पर वह अपनी मृत्यु के पूर्व कार्य कर रहा था।) का भलीभॉति उल्लेख किया जायेगा । आवेदन पत्र में परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, विवाह, सेवायोजन तथा आय संबंधी विवरण भी उल्लिखित किये जायेंगे ।

सेवायोजन हेतु विभागों का आवंटन

(4) सैनिक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश एवं गृह विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने-अपने विभाग में शहीद आश्रितों के प्राप्त संबंधी आवेदन पत्र को विभागों की रोस्टर प्रणाली के अनुसार सेवायोजन हेतु संबंधित विभाग को आवंटित किया जायेगा।

पद के लिए शैक्षिक अर्हताएँ

(5) शहीद के आश्रित के किसी सदस्य की भर्ती हेतु यह आवश्यक होगा कि वह पद के लिये विहित शैक्षिक अर्हताएँ पूरी करता हो ।

परन्तु भारत सरकार/राज्य सरकार व उनके अधीन अर्द्ध सरकारी संस्थानों में कार्यरत /सेवानिवृत्त कर्मी एवं संवैधानिक पदों पर कार्यरत /पूर्व में कार्य कर चुके शहीद के आश्रित सेवा के योग्य नहीं माने जायेंगे ।

सेवायोजन हेतु वरीयता का निर्धारण।

(6) यदि शहीद के परिवार के एकाधिक सदस्य सेवायोजन हेतु पात्र है तो ऐसी दशा में वरीयता में पहले आने वाले आश्रित द्वारा यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करने पर कि यह सेवायोजन हेतु अपने अवसर को अगली वरीयता के आश्रित को हस्तान्तरित कर रहे है तभी अगली वरीयता के आश्रित को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवायोजित किया जायेगा। सेवायोजित करते समय समस्त परिवार विशेष रूप से उसके माता/ पिता तथा अवयस्क सदस्यों के कल्याण के निमित्त उसके सम्पूर्ण हित को ध्यान में रखा जायेगा ।

सेवायोजन हेतु आयु

(7) शहीद के आश्रित की नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु नियुक्ति के समय 18 वर्ष से कम नहीं होगी । अधिवर्षता आयु पूरी कर चुके आवेदकों पर विचार नही किया जायेगा ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सेवायोजन हेतु रोस्टर प्रणाली का तैयार किया जाना।

(8) शहीद के आश्रित की भर्ती /नियुक्ति हेतु विभागों की रोस्टर प्रणाली तैयार करके प्राप्त आवेदनों को आवंटित करके सेवायोजन की कार्यवाही की जायेगी ।

रिक्ति की विद्धमानता न होने की दशा में अधिसंख्य पदों का सृजन ।

(9) संबंधित विभाग में रिक्ति की विद्धमानता न होने की दशा में ऐसी नियुक्ति अधिसंख्य पद के प्रति की जायेगी जिसे इस प्रयोजन के लिए सृजित किया गया समझा जायेगा और जो तब तक चलता रहेगा जब तक कोई नियमित रिक्ति उपलब्ध न हो जाय ।

उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन

(10) शहीदों के आश्रितों की नियुक्ति/सेवायोजन प्रदान किये जाने के संबंध में एवं विभागवार रोस्टर निर्धारण हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में निम्नवत उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया जाता है -

(1) मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन - अध्यक्ष
(2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन- सदस्य
(रोस्टर में शामिल विभाग)

उपर्युक्तानुसार गठित समिति द्वारा शहीद सैनिकों के आश्रितों को सेवायोजित किये जाने के संबंध में अन्तिम निर्णय लिया जायेगा ।

सेवायोजन हेतु नोडल विभाग

(11) सशस्त्र बल के तीनों सेनाओं के मृतक आश्रितों के लिए सैनिक कल्याण विभाग, उ0प्र0 एवं अर्द्धसैनिक बल के मृतक आश्रितों के लिए गृह विभाग, उ0प्र0 नोडल विभाग होंगे जो समय-समय पर मुख्य सचिव, उ0प्र0 की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कठिनाईयों का निवारण

(12) मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उच्चधिकार प्राप्त समिति इस आदेश के कार्यान्वयन में किसी कठिनाई / त्रुटि को दूर करने के प्रयोजनार्थ ऐसे सामान्य या विशेष आदेश दे सकती है, जिसे वह इस प्रयोजन हेतु आवश्यक या समीचीन समझे ।

3- उत्तर प्रदेश के मूल निवासी शहीद सैनिकों को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जने के प्रयोजनार्थ इस आदेश में वर्णित एवं उल्लिखित उपबन्धों का अक्षरश: अनुपालन प्रदेश शासन के अन्तर्गत समस्त विभागों पर बाध्यकारी होगा ।

मनोज सिंह
प्रमुख सचिव।

संख्या: 155(1)/48-2018 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2- पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
4- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
5- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
6- निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उ0प्र0 ।

आज्ञा से,

कामता प्रसाद
उप सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

सेवायोजन में आरक्षण

संख्याः 18/1/95–का–2/टी–सी.–1999

प्रेषक,

सुधीर कुमार
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

(1) समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन ।
(2) समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
(3) समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ : दिनांक 09 सितम्बर, 1999

विषयः– **<u>उ.प्र. लोक सेवाओं में शारीरिक रूप से विकलांगों, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण ।</u>**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर दिनांक 28 जुलाई, 1999 को प्रख्यापित उ0प्र0 लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 1999 की प्रति संलग्न करते हुए मुझे उक्त (संशोधन) अधिनियम की निम्नलिखित मुख्य–मुख्य धाराओं/व्यवस्थाओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करने का निदेश हुआ हैः–

1. इस संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के अनुसार यह संशोधन अधिनियम, 21 मई, 1999 को प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा ।
2. इस अधिनियम की धारा 2 के अनुसार समूह "क" के पद या समूह "ख" के पद का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर इस रूप में विनिर्दिष्ट पद से है ।
3. इस अधिनियम की धारा 3 के उपधारा (एक–क) के अनुसार समूह "क" के पदों या समूह "ख" के पदों से भिन्न लोक सेवाओं और पदों में रिक्तियों का 5 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण प्रदान किया गया है ।

आपसे यह अनुरोध करने का मुझे निदेश हुआ है कि संलग्न संशोधन अधिनियम, 1999 के समस्त प्राविधानों का सभी स्तरों पर उन सभी लोक सेवाओं व पदों के सम्बन्ध में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय जिसका उल्लेख आरक्षण संशोधन अधिनियम में उल्लिखित है । यह भी अनुरोध है कि उपरोक्त अधिनियम के प्राविधानों से अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/प्राधिकारियों को भी आप कृपया अवगत करा दें, ताकि इन प्राविधानों का संगत मामलों में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

भवदीय

सुधीर कुमार
सचिव

सेवायोजन में आरक्षण

संख्या-1/2021/18/1/95/का-2/2021

प्रेषक,

मुकुल सिंहल,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक: 16 मार्च, 2021

विषयः- उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांगों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 2021 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांगों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 2021 की प्रति अनुपालनार्थ संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक - यथोक्त।

भवदीय,
मुकुल सिंहल
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-1/2021/18/1/95(1)-का-2/2021, तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
3. निजी सचिव, मा. मंत्रिगण को, मा. मंत्रिगण के सूचनार्थ।
4. प्रधान निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रमुख सचिव, विधान परिषद/ विधान सभा, उत्तर प्रदेश।
6. सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
7. सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज।
8. सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ।
9. निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।
10. निबंधक, मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ बेंच, लखनऊ।
11. वेब अधिकारी/ वेब मास्टर, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उ.प्र.।
12. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
निर्मेष कुमार शुक्ल
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

shasanadesh.up.nic.in

क्रम-संख्या–51

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल० डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग–1, खण्ड (क)
(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, बुधवार, 10 मार्च, 2021
फाल्गुन 19, 1942 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
विधायी अनुभाग–1

संख्या 450 / 79-वि-1–21-1-क-12-21
लखनऊ, 10 मार्च, 2021

अधिसूचना
विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2021 जिससे कार्मिक अनुभाग–2 प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित है, पर दिनांक 10 मार्च, 2021 को अनुमति प्रदान की और वह (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 14 सन् 2021) के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2021

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 14 सन् 2021)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के बहत्तरवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :–

संक्षिप्त नाम

1–यह अधिनियम उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2021 कहा जायेगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 4 सन् 1993 की धारा 3 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 की धारा 3 में, उपधारा (1) में, खण्ड (एक–क) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

(एक–क) समूह 'क' के पदों से भिन्न लोक सेवाओं और पदों में ऐसे दिनांक को और से, जब उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2021 गजट में प्रकाशित किया जाय, रिक्तियों का पाँच प्रतिशत भूतपूर्व सैनिकों के लिए।

उद्देश्य और कारण

शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के पक्ष में पदों के आरक्षण का उपबन्ध करने के लिये उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 अधिनियमित किया गया है। पूर्वोक्त अधिनियम, उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 1999, जिसके माध्यम से समूह "क" एवं समूह "ख" के पदों से भिन्न पदों पर भूतपूर्व सैनिकों के लिए पाँच प्रतिशत आरक्षण की अनुज्ञा प्रदान की गयी है, द्वारा संशोधित किया गया था।

राज्य की अधीनस्थ लोक सेवाओं और तत्सम्बंधी पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को प्रतिनिधित्व प्रदान किये जाने की दृष्टि से उन्हें समूह "ख" के पदों पर भी पांच प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने का विनिश्चय किया गया है।

तद्नुसार, उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
अतुल श्रीवास्तव,
प्रमुख सचिव।

790_RPH_2021_(Freedom Fighters)-2021 Data-4E

स्टाम्प ड्यूटी में छूट

उत्तर प्रदेश शासन
स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग–2
संख्याः 25 / 2016 / 888 / 94–स्टा0नि0–2–2016–500(64) / 80
लखनऊ : दिनांक : 11 नवम्बर, 2016

अधिसूचना आदेश

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश में अपनी प्रवृत्ति के संबंध में यथा संशोधित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (अधिनियम संख्या–2 सन् 1899) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल सरकारी अधिसूचना संख्या–445 / क.नि. / 11–7–2013–500 (64)–80, दिनांक 17–05–2013 का अधिक्रमण करते हुए इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशन के दिनांक से भूतपूर्व सैनिकों के पक्ष में एवं शहीद सैनिकों के विधिक आश्रितों एवं अर्द्ध सैनिक बलों तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शहीदों के विधिक आश्रितों के पक्ष में निष्पादित हस्तांतरण लिखतों पर अनुसूची 1–ख के अनुच्छेद 23 के खण्ड (क) के अधीन तथा पट्टा के लिखतों पर अनुसूची 1–ख के अनुच्छेद 35 के अधीन प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान करते हैं। यह छूट सम्पत्ति के प्रथम रु0 20 लाख तक के मूल्यांकन पर उपलब्ध होगी। सम्पत्ति का मूल्यांकन रु0 20 लाख से अधिक होने की दशा में प्रथम रु0 20 लाख से अधिक के मूल्यांकन की राशि पर स्टाम्प शुल्क प्रभार्य होगा।

प्रतिबंध यह है कि :–

(1) भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों एवं केन्द्रीय सशस्त्र बलों के शहीदों में से प्रत्येक के विधिक आश्रितों में से किसी एक आश्रित, जिसके लिए उसके अन्य आश्रितों की सहमति हो, को ही यह छूट अनुमन्य होगी।

(2) यह छूट, पात्रता की दशा में उपर्युक्त को एक ही बार अनुमन्य होगी।

आज्ञा से,
(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्याः 25 / 2016 / 888 / 94 / स्टा0नि0–2–2016–500 (64) / 80, दिनांक 11 नवम्बर, 2016

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2. प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन उत्तर प्रदेश शासन ।
3. आयुक्त स्टाम्प / महानिरीक्षक, निबंधन, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद / शिविर कार्यालय लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त संबंधितों को उक्त अधिसूचना की प्रति उपलब्ध कराते हुए तदनुसार अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें ।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
6. सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश सूचना निदेशालय, लखनऊ ।
7. शासकीय हस्तान्तरक, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
8. विधायी अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन ।

(भैरव नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

स्टाम्प ड्यूटी में छूट

संख्या- 583/94-स्टा०नि०-2-2018-700(03)/2018

प्रेषक,

हिमांशु कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त स्टाम्प/महानिरीक्षक निबन्धन,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद/लखनऊ।

स्टाम्प एवं निबन्धन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 20 जून, 2018

विषय- भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-939/स्टाम्प-विविध 25/2018 दिनांक 14.05.2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

